# 17 अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों की मेजबानी करेगा यूपीइएस

भास्कर समाचार सेवा

## • दो दिवसीय वर्कशॉप के लिए तैयारियां हुईं पूरी

**देहरादून।** यूपीइएस 17 से 19 अक्टूबर तक एस-4 की शिक्षा शाखा के साथ मिलकर दो दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन करेगा। इस कार्यक्रम में 17 प्रमुख अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों के लगभग 25-30 प्रतिनिधियों का स्वागत किया जाएगा, जो उच्च शिक्षा के अंतरराष्ट्रीयकरण के लिए विशेष रूप से तैयार की गई शिक्षण रिट्रीट में भाग लेंगे।

वर्कशॉप शीर्ष स्तर के वैश्विक संस्थानों के प्रतिनिधियों को यूपीइएस के इनोवेटिव अकादमिक वातावरण, रिसर्च क्षमताओं और अत्याधुनिक सुविधाओं की सारी जानकारी देगी। वर्कशॉप में भाग लेने वाले विश्वविद्यालय यूनाइटेड किंगडम, यूनाइटेड स्टेट्स, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया सहित चार देशों से हैं। वर्कशॉप में भाग लेने वाले संस्थानों में किंग्स कॉलेज लंदन, द ऑस्ट्रेलियन नेशनल यूनिवर्सिटी, यूनिवर्सिटी ऑफ सिडनी, यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन, एडिथ कोवान यूनिवर्सिटी, लेकहेड यूनिवर्सिटी, ओंटारियो टेक यूनिवर्सिटी, शेफील्ड हॉलम यूनिवर्सिटी, यूनिवर्सिटी ऑफ लिंकन, यूनिवर्सिटी ऑफ पोर्ट्समाउथ, यूनिवर्सिटी ऑफ वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया और यॉर्क यूनिवर्सिटी शामिल हैं।

इस वर्कशॉप में लॉन्ग-टर्म अंतर्राष्ट्रीय साझेदारी को बढ़ावा देने की क्षमता है। ये सहयोग न केवल यूपीईएस के छात्रों और शिक्षकों के लिए वैश्विक संपर्क को बढ़ाएंगे बल्कि एक्सचेंज प्रोग्राम, ग्लोबल पाथवे प्रोग्राम, अंतर्राष्ट्रीय इंटर्नशिप, शोध और नवाचार आदि सहित छात्र और संकाय गतिशीलता के अवसर भी पैदा करेंगे।